भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5390

उत्तर देने की तारीख 5 अप्रैल, 2022

15 चैत्र, 1944 (शक)

खिलाड़ियों को अवसंरचनात्मक सुविधाएं

5390. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राज्य स्तर पर खिलाड़ियों को अवसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है।

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में महाराष्ट्र राज्य का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, राज्य स्तर पर खिलाड़ियों को अवसंरचना सुविधाएं प्रदान करने का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों का होता है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना का उपयोग और निर्माण/उन्नयन" घटक के तहत, इस मंत्रालय ने स्कीम के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र निकायों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर देशभर में विभिन्न श्रेणियों की 289 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को संस्वीकृत किया है । इन 289 परियोजनाओं में से 103.80 करोड़ रु. की 12 खेल अवसंरचना परियोजनाएं महाराष्ट्र राज्य में संस्वीकृत की गई हैं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

****